
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

12 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

उठो जागो और तब तक न रुको जब तक

तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते ।

स्वामी विवेकानंद जी

( दार्शनिक )

जन्म : 12 जनवरी 1863 मृत्यु : 04 जुलाई 1902



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

12 जनवरी

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी





12 जनवरी को प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन या जयंतीी, राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, अलौकिक विचार और उनके आदर्श हैं, जिनका उन्होंने स्वयं पालन किया और भारत के साथ-साथ अन्य देशों में भी उन्हें स्थापित किया। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। उनके लिए प्रेरणा का एक उम्दा स्त्रोत साबित हो सकते हैं।

'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए' का संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, समाज सुधारक युवा युग-पुरुष 'स्वामी विवेकानंद' का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता (वर्तमान में कोलकाता) में हुआ। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। आज के पारिदृश्य में जहां चहुं ओर भ्रष्टाचार, बुराई, अपराध का बोलबाला है जो घुन बनकर देश को अंदर ही अंदर खाए जा रहे हैं। ऐसे में देश की युवा शक्ति को जागृत करना और उन्हें देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराना अत्यंत आवश्यक है।स्वामी विवेकानंद की ओजस्वी वाणी भारत में तब उम्मीद की किरण लेकर आई जब भारत पराधीन था और भारत के लोग अंग्रेजों के जुल्म सह रहे थे। हर तरफ सिर्फ दुख और निराशा के बादल छाए हुए थे। उन्होंने भारत के सोए हुए समाज को जगाया और उनमें नई ऊर्जा-उमंग का प्रसार किया।

# जयंती विशेष 12 जनवरी




**स्वामी विवेकानन्द** *Swami Vivekananda*, जन्म: 12 जनवरी, 1863, कलकत्ता; मृत्यु: 4 जुलाई, 1902 बेलूर) एक युवा संन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति की सुगन्ध विदेशों में बिखेरने वाले साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान् थे। विवेकानन्द जी का मूल नाम 'नरेंद्रनाथ दत्त' था, जो कि आगे चलकर स्वामी विवेकानन्द के नाम से विख्यात हुए।

# TOB
# खेल कॉर्नर



## लिस्ट ए में सबसे तेज फिफ्टी (टॉप-5 भारतीय बैटर्स)

| गेंद | बैटर | मैच | वेन्यू | कब |
|---|---|---|---|---|
| 15 बॉल | सरफराज खान | मुंबई Vs पंजाब | जयपुर | 2025-26 |
| 16 बॉल | अभिजीत काले | महाराष्ट्र Vs बड़ौदा | वड़ोदरा | 1994/95 |
| 16 बॉल | अतित शेठ | बड़ौदा Vs छत्तीसगढ़ | सूरत | 2020/21 |
| 17 बॉल | एसएस प्रभुदेसाई | गोवा Vs ओडिशा | जयपुर | 2024/25 |
| 17 बॉल | एस गनी | बिहार Vs अरुणाचल | रांची | 2025/26 |

# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द **12.01.2026**

## राष्ट्रीय युवा दिवस

भारत में स्वामी विवेकानन्द की जयंती, अर्थात **12** जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् **1984** ई. को 'अन्तरराष्ट्रीय युवा वर्ष' घोषित किया गया। इसके महत्त्व का विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की कि सन **1984** से **12** जनवरी यानी स्वामी विवेकानन्द जयंती (जयन्ती) का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाए।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**गुजरात में बसा माधापार गांव भारत का सबसे अमीर गांव है। यहाँ गांववालों के पास कुल ₹5000 करोड़ की जमा राशि है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से यह दुनिया का सबसे अमीर गांव भी हो सकता है।**



राकेश कुमार


पद्य पंकज
“
ज्ञानी बनकर
मत नीरस उपदेश दीजिए।
लोक कर्म भव सत्य
प्रथम सत्कर्म कीजिए।
सुमित्रा नंदन पंत
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya

# स्वामी विवेकानंद




12 जनवरी 1863-4 जुलाई 1902

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# युवा दिवस



# स्वामी विवेकानंद

12 जनवरी 1863-4 जुलाई 1902



Madhu priya